बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

शुद्धि पत्र

1. 29वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के कुल 206 (दो सौ छः) पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन सं.– 01/2016 प्रकाशित कर सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आयोग द्वारा प्रकाशित उक्त विज्ञापन में उम्मीदवारों की उम्र सीमा की गणना हेतु कट–ऑफ–डेट दिनांक– 01.08.2012 अंकित की गयी थी। **इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक– 3746, दिनांक– 11.03.2016 के आलोक में न्यूनतम उम्र गणना हेतु कट–ऑफ–डेट दिनांक 01.08.2015 निर्धारित की जाती है। उम्मीदवारों की अधिकतम उम्र सीमा की गणना हेतु कट–ऑफ–डेट पूर्व की भाँति दिनांक– 01.08.2012 ही रहेगी।** तदालोक में उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इस परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा 29वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निम्नांकित विस्तारित तिथि निर्धारित की जाती है :–

1.		ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	:–	09.04.2016
2.	(i)	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की तिथि	:–	09.04.2016 से 19.04.2016 तक
	(ii)	बैंक चालान डाउनलोड करने की तिथि	:–	09.04.2016 से 19.04.2016 तक
	(iii)	बैंक में चालान जमा करने की तिथि	:–	09.04.2016 से 19.04.2016 तक
	(iv)	डैशबोर्ड पर चालान विवरणी भरने की तिथि	:–	09.04.2016 से 19.04.2016 तक
3.		ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि	:–	09.04.2016 से 22.04.2016 तक
4.		आयोग कार्यालय में निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि	:–	29.04.2016

2. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वैसे उम्मीदवार जो पूर्व प्रकाशित विज्ञापन सं.– 01/2016 के अधीन ऑनलाइन आवेदन ससमय पूर्ण नहीं कर सके थे, वे भी इस शुद्धि पत्र के आलोक में, पूर्व में प्राप्त पंजीकरण संख्या के आधार पर ऑनलाइन आवेदन भर सकते है।
3. **उम्मीदवारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि बैंक में चालान राशि जमा करने के बाद उसी दिन डैश बोर्ड पर चालान विवरणी अंकित कर लेंगे। चालान विवरणी अंकित करने के 24 घंटे बाद ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र खुलेगा। उम्मीदवार दिनांक 19.04.2016 तक निश्चित रूप से चालान विवरणी डैश बोर्ड पर अंकित कर लें।**
4. **ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी प्रमाण पत्रों एवं अंक पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में शुक्रवार, दिनांक– 29.04.2016 को संध्या 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाए।**
5. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन सं.– 01/2016 में अंकित अन्य शर्तें यथावत रहेंगी। उक्त विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेबसाईट पर आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व उक्त दिशा निर्देशों का भली भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा आवेदन पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करेंगे। आवेदन में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। सभी आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वांछित प्रमाण–पत्र मूल रूप में उनके पास ऑनलाइन आवेदन भरते समय उपलब्ध है। इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिंग व्यवधान के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा।
6. अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि का विस्तार नहीं किया जाएगा।
7. **उपर्युक्त शुद्धि पत्र के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित विस्तृत/आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट** www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
8. यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जो अभ्यर्थी पूर्व में अपना आवेदन पत्र भर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता नही है।
9. **किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश देखा जा सकता है तथा निम्नांकित हेल्पलाईन नम्बर पर कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक संपर्क किया जा सकता है।**

Phone No. – 0612- 2215795, Mob No. :- +91-7544903018

18/3/2016

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना